प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

अमरीका और ईरान के बीच एक सौ सात दिन से जारी युद्ध समाप्त करने पर समझौता हो गया है। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खुल जाएगा और ईरानी बंदरगाहों से अमरीकी नाकेबंदी समाप्त हो जाएगी। शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर होगें। अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य समझौते पर हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार से खुल जाएगा। विश्वभर से प्रमुख नेताओं ने अमरीका ईरान के बीच शांति समझौते का स्वागत किया है और इसे पश्चिम एशिया में स्थायित्व बहाल करने के दिशा में महत्वपूर्ण राजनयिक कदम बताया है।

0000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार मौजूद है और अल नीनो के दुष्प्रभाव के बावजूद अनाज की कमी नहीं होगी। आज नई दिल्ली में आयोजित माइंडमाइन सम्मेलन में वित्त मंत्री ने कहा कि इस वर्ष दक्षिण–पश्चिम मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। सुश्री सीतारामन ने बताया कि आगामी रबी फसल के लिए उर्वरकों की आपूर्ति इस वर्ष नवंबर से शुरू होगी।

0000

प्रदेश में नहरों के जीर्णोद्धार और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जायका प्रोजेक्ट के तहत 100 करोड़ रुपये के 12 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार, इन कार्यों में मुख्य रूप से हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले की सिद्धमुख–नोहर और भाखड़ा नहर प्रणाली की मरम्मत और रीलाइनिंग के काम किया जायेगा। इन कार्यों के पूरा होने से नहरों की जल वहन क्षमता में सुधार होगा और किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी तेजी से पहुंच सकेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया है कि इन स्वीकृत कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

00000

प्रदेश में प्री–मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य के कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ आंधी और हल्की से मध्यम दर्जे की बरसात हुई। सर्वाधिक 5 सेंटीमीटर वर्षा झालावाड के खानपुर इलाके में दर्ज हुई। वहीं सीकर के लक्ष्मणगढ, झालावाड के पचपहाड, छीपाबडोद, चौमूं, मांगरोल, छबडा, बसवा में 2 सेंटीमीटर बारिश हुई। कल जयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, अलवर, दौसा, टोंक समेत कई जिलों में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। राज्य में कई स्थानों पर अभी भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। सर्वाधिक तापमान फलौदी में 42 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पिलानी में 41 दशमलव 2 और बाडमेर में 41 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। राज्य में कहीं भी हीटवेव की स्थिति नहीं है।

00000

प्रदेशभर में आज सोमवती अमावस्या श्रद्धा पूर्वक मनाई जा रही है। भीलवाड़ा के प्रसिद्ध हरणी और तिलस्वां महादेव मंदिर में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु पवित्र स्नान कर दानपुण्य कर रहे है। पाली के सोमनाथ मंदिर में भी विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। महिलाएं पीपल के वृक्ष की परिक्रमा और दीपदान कर सुख–समृद्धि की कामना कर रही हैं। वहीं बाड़मेर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में गोशालाओं में गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंदों को अन्न और वस्त्र दान करने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। तीर्थराज पुष्कर में आज पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यहां सरोवर में स्नान करते समय गहरे पानी में गए एक युवक को सिविल डिफेंस की टीम ने तुरंत रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया और एक बड़ा हादसा टल गया।

00000

अजमेर जिले के जसनगर क्षेत्र में लूणी नदी के रपट पर एक बस और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 6 गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब कार में सवार एक ही परिवार के सदस्य सोमवती अमावस्या पर पुष्कर सरोवर में स्नान के लिए जा रहे थे। हादसे में गम्भीर रूप से घायल लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। सवाईमाधोपुर में दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस वे पर चौथ का

बरवाडा के पास मिर्ची से भरे एक ट्रक के त्रिलोकपुरा अंडरपास में गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। भरतपुर के बयाना स्थित दर बारहना झरने के नीचे पिकनिक मना रहे एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई।

00000